Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला बाडमेर में धनराज राजस्व निरीक्षक क्षेत्र सारला तहसील सेडवा को 18,000/— रुपये रिश्वत लेते हुये एसीबी टीम बालोतरा ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया ।

जयपुर, दिनांक 05 जून, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बालोतरा इकाई द्वारा कस्बा सेडवा में कार्यवाही करते हुय **धनराज पुत्र हाल राजस्व निरीक्षक क्षेत्र सारला तहसील सेडवा जिला बाडमेर** को 18,000/— **रूपये** रिश्वत राशि लेते हुये देर रात रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस, श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बालोतरा ईकाई को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि परिवादी की ग्राम बीसासर में स्थित जमीन की नेखमबंदी करने की एवज में धनराज भू० अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सारला तहसील सेडवा जिला बाडमेर द्वारा परिवादी के जमीन की नेखमबंदी करने की एवज में 32,000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा था जिसमें आरोपी पूर्व में परिवादी से 12,000/— रूपये ले चुका है और अब 18,000/— रूपये रिश्वत राशि लेते हुये आज रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रेन्ज, जोधपुर के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बालोतरा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कैलाशदान जुगतावत** के नेतृत्व में आज कार्यवाही करते हुए आरोपी धनराज भू० अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सारला तहसील सेडवा जिला बाडमेर को परिवादी से उसके जायज कार्य के एवज में 18,000/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी कि **महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।